# रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर एकता दौड़ को खाद्य मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, कई कार्यक्रम हुए

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने एवं मजबूत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के सभी पुलिस थानों पर एकता दौड़ का आयोजन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया है. मंत्री श्री राजपूत ने एकता एवं अखंडता की शपथ भी दिलाई.



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कलेक्टर संदीप जी.आर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके, लोकेश सिन्हा मौजूद थे. दौड़ के प्रारंभिक एवं अंतिम स्थल पर राष्ट्रीय एकता दिवस से संबंधित पोस्टर, बेनर एवं हॉर्डिंग्स लगाये गए. इस दौड़ में युवा खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, शामिल हुए.

राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संभाग कमिश्नर एवं कलेक्टर कार्यालय में किया गया. जिसमें संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, अपर कमिश्नर पवन जैन, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जॉइंट कमिश्नर विनय द्विवेदी, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, एसडीएम एवं सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा मौजूद थे.

दौड़ के प्रारंभिक स्थान पुलिस लाइन सागर शुरू होकर शहर के विभिन्न स्थान सहित कालीचरण चौराहा डीजे बंगला, सिविल लाइन आदि से होते हुए वापस पुलिस लाइन में समापन हुआ एवं समापन स्थल पर राष्ट्रीय एकता विषयक पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग्स लगाए गए तथा प्रतिभागियों को राष्ट्रीय चेतना एवं एकता के संदेश से अवगत कराया गया. सागर पुलिस द्वारा इस आयोजन को सफल एवं प्रेरणादायी रूप देने में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों, संस्थाओं एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

## बीएलओ 4 नवम्बर से घर-घर जाकर सर्वे करेंगे

**सागर.** समस्त संबंधित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए कार्य करें एवं यह स्पष्ट रहे कि गणना पत्रक भरते समय मतदाता से किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नही लिया जाएगा जिला सहित समस्त अनुविभाग स्तर पर कंट्रोल रूम हेल्प डेस्क स्थापित करें. कलेक्टर संदीप जी.आर निर्देश दिए कि गणना पत्रक भरते समय मतदाता से किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नही लिया जाएगा. भरा हुआ गणना पत्रक मतदाता के तथा बीएलओ के हस्ताक्षर प्राप्त गणना पत्रक एक मतदाता के पास तथा दूसरा पत्रक बीएलओ के पास रहेगा. जिला सहित समस्त अनुविभाग स्तर पर कंट्रोल रूम हेल्प डेस्क स्थापित करें. निर्वाचन आयोग के कार्य को अधिकारीगण गंभीरता से लें और काम में लापरवाही नहीं बरतें.

# आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सहायक समिति प्रबंधक को सजा

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सागर द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरोपी अशोक कुमार दुबे तत्कालीन सहायक समिति प्रबंधक बेरखेड़ी सड़क,तहसील राहतगढ़ को पांच वर्ष की सजा सुनाई गई.**

जानकारी के अनुसार आरोपी के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने संबंधी अज्ञात शिकायत प्राप्त हुई थी. शिकायत के गोपनीय सत्यापन पर आरोपी द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया. प्रकरण में न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किए जाकर आरोपी के पैतृक मकान ग्राम बसारी तहसील गढाकोटा और राजीव नगर वार्ड सागर स्थित मकान की तलाशी ली जाकर इन्वेंट्री तैयार की गई. विवेचना दौरान संकलित साक्ष्य व दस्तावेज से आरोपी द्वारा चैक पीरियड में कुल 97,60,092 रुपए की आय अर्जित करना एवं उक्त अवधि में कुल 1,66,66,026 रुपए व्यय किया जाना प्रमाणित पाया गया. आरोपी के पास 69,05,934 रुपए की अनुपातहीन संपत्ति होना पाए जाने से समस्त कार्यवाही एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया. न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत पारित निर्णय में आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 13(1) ई, 13(2) पीसी एक्ट में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 70 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया.

## दर्ज मामलों में वसूली

**सागर.** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नागरिकों को रिपोर्ट करने और पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर देने वाले सामाजिक ऑडिट ऐप व्ही-मित्र को लांच हुए 100 दिन पूर्ण हो गए. व्ही-मित्र एप के माध्यम से 100 दिन के दौरान कुल 30 हजार मामले दर्ज हुए. दर्ज मामलों में 17 हजार 200 मामलों की जांच में 3 हजार 850 मामलों में अनियमितताएं पायी गई.नागरिकों को 3,150 मामलों में 15 लाख 50 हजार रूपए के इनाम बिना किसी कार्यालय गए खातों में भेजे गए.

## एक नजर में




### पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम संपन्न

**रहली.** नगर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में नपा परिसर में स्थापित श्रीमति गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए. इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष सुशील हजारी, प्रमोद सराफ, अनूप ददरया, लक्ष्मी पटेल, प्रमोद नायक, संजय पटेरिया, शैलेन्द्र सोनी, महेश साहू, केशव पटेल, महेंद्र ठाकुर, बिहारी पटेल, आजाद खान, मूलचंद गोस्वामी, रामदास बाबा, प्रेमी शिल्पी, कमलेश गुप्ता दीपक जैन अध्यक्ष नगर कांग्रेस उपस्थित थे.



### छात्रों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई

**सागर.** सी आर मॉडल बहु उच्चतर माध्यमिक शाला नरयावली नाका वार्ड में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एवं जिला स्वास्थ समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद से होने वाले दुष्परिणाम एवं तंबाकू छोड़ने के फायदे से अवगत कराया गया. डॉ धर्मेंद्र कनोरिया नोडल अधिकारी, डॉ बबीता कनोरिया,अर्चना लाल ने तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में छात्रों को समझाया. प्राचार्य आर के सेन कहा कोई भी छात्र इस अमूल्य जीवन में तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे.




### अच्छी पढ़ाई कर क्षेत्र का नाम रोशन करें

**राहतगढ़.** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम हिरनखेड़ा में स्कूली छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र श्रीवास्तव ने निशुल्क साइकिल वितरण की. इस मौके पर रामशरण राय, सुरेशसिंह जाट, जाकिर हुसैन, नरेश चढ़ार, श्यामलाल अहिरवार, सूर्यकांत प्रजापति, धीरज अहिरवार, मनमोहन पटेल, चंद्रेश लोधी, राजाराम अहिरवार, श्रीमती कंचन पटेल मौजूद थे.



### संकट में पहुंचती है नपा की एंबुलेंस

**रहली.** अगर कोई भी दुख और संकट में हो तो उसका सहयोग करने मैं 108-112 से भी आसान काल पर नगर पालिका की एंबुलेंस सहयोग के लिए खड़ी होती है. नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी को दूरभाष के माध्यम से घटना की जानकारी प्राप्त हुई कि रघुवीर पिता रामचरण गौण ठाकुर इलाज कराने रहली आए थे, इलाज के बाद दवाईयां लेकर अपने गाँव किशनगढ़ वापस जा रहे थे की अचानक हार्ट अटैक आ गया उनके साथ केवल उनका पोता था राहगीरों द्वारा तत्परता दिखाते हुए फोन कर बताया गया कि अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहन की आवश्यकता है. तुरंत एंबुलेंस रवाना की गई जिसने 20 मिनट में घटनास्थल से मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली पहुंचाया अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने जांच कर रघुवीर को मृत घोषित कर दिया, एंबुलेंस से ही रघुवीर को घर पहुंचाया गया.

### बाल विवाह रोकने उड़नदस्ते गठित

**सागर.** लाडो अभियान अंतर्गत बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने एवं जन जागरुकता हेतु कलेक्टर संदीप जी.आर ने उड़नदस्ते का गठन किया. लाडो अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया जाकर उन का संवेदीकरण किया जावे एवं बाल विवाह में अपनी सेवायें न देने की अपील की जावें.

# जयंती पर कॉलेज में कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. बीटीआईआरटी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एनएसएस द्वारा यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष संतोष जैन (घड़ी), सचिव डॉ. सत्येंद्र जैन, ग्रुप रजिस्ट्रार डॉ. तरुण कुमार सिंह, प्रिंसिपल डॉ. वीरेश फुसकेले, इंजी. शेख शाहिद, रामू मिश्रा, श्रीमती रागिनी मिश्रा, श्रीमती मेघा सोनी, गौरव खरे,गजेंद्र सिंह, पुनीत शुक्ला, इंजी. समर्थ जैन, इंजी. भूपेंद्र नामदेव, अमित कन्नौजिया, रूपेश प्रजापति, योगेंद्र गौर, दीपक रैकवार आदि मौजूद थे.

# बाइक सवार व्यक्तियों से सवा किलो गांजा जप्त

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. जिले के खुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवको से सवा से किलो गांजा जप्त किया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम घोस्ट की ओर से खुरई की तरफ अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहे हैं. कुछ समय बाद संदिग्ध पल्सर मोटरसाइकिल दिखाई देने पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया. पूछताछ में मोटरसाइकिल चालक अजित पिता मेगनाय निषाद हाल निवासी जगदीशपुरा थाना खुरई शहर और लाखन सिंह पिता निरपत अहिरवारनिवासी बंदरावाय थाना पठारी जिला विदिशा की तलाशी ली गई. आरोपी अजित की जैकेट से 01.100 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत लगभग 11,000/- तथा आरोपी लाखन सिंह की पैंट की जेब



से 200 ग्राम गांजा कीमत लगभग 2,000/ बरामद हुआ. दोनों ही आरोपियों से कुल 01 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा तथा पल्सर मोटरसाइकिल को मौके पर ही विधिवत जप्त किया गया.

## क्रिकेट मैच आयोजित

**सागर.** डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बमोरी रंगवा स्थित चंदू सरवटे एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर पुरुष सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल का शुभारंभ हुआ. जो सागर जिला बनाम टीकमगढ़ जिला खेला जा रहा है, सागर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया. दीप बत्रा के शतक के बदौलत टीकमगढ़ की टीम ने 53 ओवर में 215 रन 5 विकेट के नुकसान पर जोड़, सहज दीप बत्रा नाबाद 138 के निजी स्कोर पर खेल रहे है. वरुण दीक्षित 36 रनों के स्कोर पर नाबाद है, गेंदबाजी करते हुए अविरल सिंह, विनीत रावत को दो-दो सफलताएं मिली है.

# 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. एक्सीलेंस गर्ल्स कालेज के गृहविज्ञान विभाग द्वारा व्यक्तित्व विकास संवर्धन पर पन्द्रह दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया गया.**

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए प्रभावशाली व्यक्तित्व ही मूलमंत्र है. पूर्व विधायक श्रीमती पारूल साहू केशरी ने कहा कि साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियां व्यक्तित्व को संवारने और सवंर्धित करने में सहायता करती हैं.



अध्यक्षता करते हुए अतिक्ति संचालक उच्च शिक्षा डॉ. नीरज दुबे ने कहा कि छात्राओं को इसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए ऐसे महत्वपूर्ण कोर्स शासन स्तर पर भी आरंभ होना चाहिए और अन्य महाविद्यालयों को भी ऐसे कोर्स आरंभ करना चाहिए. जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा ने कहा कि व्यक्तित्व विकास का यह कोर्स छात्राओं के लिए सहायक सिद्ध होगा. डॉ. आर. के. गोस्वामी ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण पांच आयामों पर प्रकाश डाला. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने स्वागत भाषण दिया. कार्यक्रम जनभागीदारी सदस्य श्री विनय मिश्रा एवं प्रासुक जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए.

## खेल प्रतियोगिता आज से

**सागर.** पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स एवं क्रिकेट शालेय क्रीडा प्रतियोगिता एक नवंबर से शुरू होगी जोकि होगी 5 नवंबर तक चलेगी. कलेक्टर श्री संदीप जी.आर के निर्देश पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं.डीईओ अरविंद जैन ने बताया कि प्रतियोगिता 1 नवंबर से 5 नवंबर तक चलेगी जिसमें 19 वर्ष बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं 17 वर्ष बालिका में क्रिकेट के खेल खेले जाएंगे. प्रतियोगिता में भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, जनजाती कार्य विभाग, नर्मदापुरम, रीवा, सागर एवं उज्जैन संभाग के प्रतियोगी शामिल होगे.

# एक माह में डेंगू के 51 केस

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. फाईलेरिया नियंत्रण हेतु वर्तमान में नाईटब्लड सर्वे शहर एवं ग्रामीण के विकासखंड बंडा, शाहगढ, सागर शहरी, रहली, मालथोन, खुरई, शाहपुर, मकरोनिया, देवरी, के लगभग 1700 ग्राम/वार्ड में किया गया, जिसमें घरों की संख्या 192005 है एवं कंटेनरों की संख्या 1024015 जांच हुई.**

सीएमएचओ डॉ ममता तिमोरी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के चिन्हित ग्रामों में लगभग 4000 रक्त पट्टि बनायी गयी, नाईट ब्लड सर्वे का मुख्य उद्देश्य फाईलेरया के संक्रमण की जांच करना है और जिले को फाईलेरिया मुक्त करना है. जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि, फाईलेयिा के लगभग 29 प्रकरण दर्ज हुये हैं, फाईलेरिया संक्रमण पर नियंत्रण रहा, इसी प्रकार जिले में डेंगू बीमारी के अक्टूवर माह तक 51 केस दर्ज हुये है. स्वास्थ्य विभाग ने लगभग 300 से अधिक टीमें गठित की घर-घर जाकर लार्वा सर्वे विनष्टीकरण की कार्यवाही की समय-समय पर कैंप आयोजित किये लोगों को उपचार मुहैया कराया गया है.

# भावांतर में बेचने से किसान कर रहे परहेज

नवभारत न्यूज

**रहली 31 अक्टूबर. मंडी में मक्का की आवक लगातार हो रही है मक्का की आवक लगातार किसान खुश थे. लेकिन सोयाबीन के अधिकतम भाव में 125 रुपए प्रति क्विंटल का उछाल आया, जिससे किसान खुश हो उठे.**

किसानों का मानना है कि मिलों के शुरू होते ही मक्का का भाव बढ़ेगा. भाव बढ़ने की आस में कई किसान वर्तमान में मक्का बेचने से परहेज कर रहे है. मौसम खराब होने से कृषि उपज मंडी के शेडों के अलावा प्रांगण अनाज के ढेरों को ढंका रखा गया, जिसमें मक्का बहुतायत था जिसे व्यापारियों ने बोली बढा बढा कर खरीदा मंडी में छह हजार क्विंटल से ज्यादा मक्का की आवक हुई बोली में 1300 से 1950 रुपए प्रति क्विंटल लगी. भावांतर योजना लागू होते ही सोयाबीन की आवक बढ रही है. 320 क्विंटल सोयाबीन आया जो कि 2500 से 4150 रुपए प्रति क्विंटल तक बेचा गया. सोयाबीन का पंजीयन न होने से खाते में राशि देर से आने के कारण किसान भावांतर योजना के तहत सोयाबीन फसल बेचने से परहेज कर रहे हैं. भावांतर योजना के तहत कुल 195 क्विंटल सोयाबीन ही बिका है.

**सागर मौसम**

अधिकतम 23.7 (-8)

न्यूनतम 19.4 (+1)

आर्द्रता : सुबह/शाम : 98/95

## जिला बदर की कार्रवाई

**सागर.** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए 8 आदतन अपराधियों को 4-9 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया है. कलेक्टर ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त प्रहलाद अहिरवार निवासी ग्राम मगरधा थाना बहरोल को 4 माह, दुर्गेश यादव निवासी ग्राम घवारा थाना बरायठा को 4 माह, लोटन सिंह लोधी निवासी ग्राम चितौआ थाना बहरोल को 4 माह, वकील सिंह दांगी निवासी ग्राम बिल्धई बुर्जुग थाना आगासौद बीना को 5 माह, मलखान विश्वकर्मा निवासी ग्राम पार थाना आगासौद को 5 माह, प्रशांत उर्फ बंसत राजपूत निवासी ग्राम घाना थाना केसली को 6 माह, अंगद उर्फ सिंह राजपूत निवासी कुसमी थाना केसली शामिल हैं.

# सात दिन में डबल लाइन बंद करने के निर्देश

## जल सप्लाई का समय सुनिश्चित करने को लेकर महापौर ने कर्मचारियों की ली बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने एमआईसी सदस्य संगीता जैन की जलप्रदाय शाखा की समीक्षा बैठक ली.**

बैठक में महापौर ने कहा कि कई स्थानों पर अभी भी डबल पाइप लाइनों से पेयजल सप्लाई की जा रही है टाटा द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन से पेयजल सप्लाई होने के बाद भी पुरानी पाइप लाइन को बंद नहीं किया गया है जिससे पेयजल का अपव्यय हो रहा है, एक सप्ताह के अंदर ऐसी सभी पाइपलाइनों को चिन्हित कर बंद करने की कार्रवाई की जाए. पेयजल सप्लाई का टाईम टेबिल न होने से लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है, पेयजल सप्लाई का समय निश्चित किया जाए.



बैठक में महापौर ने कहा कि जिन स्थानों पर डायरेक्ट बूस्टिंग के माध्यम से पेयजल की सप्लायी की जा रही है उन स्थानों पर टंकी के माध्यम से पेयजल की सप्लायी करना सुनिश्चित करें. उन्होने दयानंद वार्ड सहित जिन-जिन वार्डो में प्रेशर की समस्या आ रही है, उसे चेक करें और तत्काल ठीक करें जिससे लोगों को सुगमता से पेयजल उपलब्ध हो सकें. सूबेदार वार्ड शीतला माता मंदिर के पास टाटा की नई पाईप लाईन न बिछायी जाने के कारण पानी टंकी से पेयजल की सप्लायी नहीं हो पा रही है, 150 मीटर पाईप लाईन बिछायी जाये जिससे पानी की टंकी से पेयजल की सप्लायी की जा सकें. भगवानगंज वार्ड में नागरिकों द्वारा बार-बार शिकायत की जा रही है कि पेयजल की सप्लायी में परेशानी आ रही है तथा लोगों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. महापौर ने निर्देश दिये कि तत्काल उक्त पाईप लाईन को चेककर समस्या का निराकरण करें जिससे लोगों को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सकें.

# फ्लाई ओवर ब्रिज में गड्ढे, पार्षद बैठे धरने पर

नवभारत न्यूज

**बीना 31 अक्टूबर. जब से शहर में फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण हुआ तभी से लगातार आम नागरिक परेशानियों का सामना कर रहा है.**

लगातार झांसी फ्लाई ओवर ब्रिज पर गड्ढों से परेशान पार्षद बीडी रजक के नेतृत्व कई आंदोलन हो चुके. कई बार प्रशासन छोटे-मोटे कार्य कर कर इति श्री कर लेता है. झांसी गेट ओवरब्रिज पर गड्ढों के कारण हो रहे हादसों से परेशान होकर नानक वार्ड पार्षद बीडी रजक ने धरना प्रदर्शन किया. पार्षद ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया और नगर प्रशासन से



समस्या सुनने की अपील की. हालांकि, जब किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर बात नहीं की, तो पार्षद समर्थकों ने ओवरब्रिज पर जाम लगा दिया. वाहनों की आवाजाही रुकने से ब्रिज के दोनों सिरों पर लंबा जाम लग गया. इस जाम में पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथ भी कुछ समय के लिए फंसी रहीं. इसी दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय मौके से गुजर रहे थे. उन्होंने भीड़ देखकर अपनी गाड़ी रोकी और धरना दे रहे पार्षद व लोगों की समस्याएं सुनीं. तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पार्षद से चर्चा की. उन्होंने आश्वासन दिया है.

# मंडी की समस्याओं को लेकर चर्चा

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अक्टूबर. प्रदेश की भाजपा सरकार की भावान्तर योजना को किसानों के साथ छलावा बताते हुए पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार उक्त योजना के नाम पर प्रचार प्रसार करने से नहीं थक रही है जबकि जमीनी सच्चाई कुछ ओर ही हैं.**

कांग्रेसजनों के साथ कृषि उपज मंडी पहुंचे पूर्व मंत्री श्रीचौधरी ने मंडी में अपनी उपज लेकर आये किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना. इस दौरान पूर्व मंत्री श्री चौधरी को ग्राम बन्नाद के किसान श्रीराम गौतम ने बतलाया कि वह अपने खेत से दो



ट्राली सोयाबीन लेकर आज कृषि मंडी आये थे जिसकी डाक बोली में एक ट्राली की बोली 9600 की हुई वहीं दूसरी ट्राली की डाक 2900 की बोली गई इस अंतर से दु:खी होकर किसान ने दूसरी ट्राली देने से इनकार कर दिया. किसान सालक राम की डाक 4190 बोली गई थी.

## बिहार चुनाव में दर्शक की भूमिका में पीके

**सागर.** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव मे जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर पीके दर्शक की भूमिका मे हैं. श्री ठाकुर सागर प्रवास के दौरान पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे. उन्होने कहा कि चुनाव मे राजग और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है. पीके की आम लोगों में कोई राजनीतिक साख नही है, पीके का राजनीतिक दृष्टिकोण साफ नही है. विभिन्न राजनीतिक दलो के सलाहकार और बिहार के राजनैतिक दल के प्रमुख पदाधिकारी रहे पीके बिहार चुनाव मे कोई प्रभाव नही छोड पायेगें.